# लक्ष्मण साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के कोच

## गंभीर ऑस्ट्रेलिया टूर पर जाएंगे, 8 नवंबर से 4 टी-20 की सीरीज

**मुंबई ( एजेंसी )**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया के कोच बनाए गए हैं। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को ऑस्ट्रेलिया दौर पर जाना है। ऐसे में लक्ष्मण को वाइट बॉल टीम का कोच बनाया गया है। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबाज ने लक्ष्मण को कोच बनाए जाने का दावा किया, हालांकि बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की है। भारतीय टीम को अगले महीने साउथ अफ्रीका दौरे पर जाना है। यह सीरीज 8 नवंबर से खेली जाएगी।

लक्ष्मण के साथ नेशनल क्रिकेट अकादमी से जुड़े साईराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष सपोर्टिंग स्टाफ के तौर पर जाएंगे। बहुतुले हाल ही में इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया-ए के मुख्य कोच थे। वहीं, कानिटकर बैटिंग कोच और सुभादीप घोष फील्डिंग कोच थे। साउथ अफ्रीका के लिए टीम 4 नवंबर के आसपास रवाना होगी। भारत 8, 10, 13 और 15 नवंबर को क्रमशः डरबन, गेबेरा, सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में चारट टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। बीसीसीआई ने 25



अक्टूबर को चार टी-20 मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

**बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज में क्लीन स्वीप किया :** टीम इंडिया ने इसी महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की होम सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। इस सीरीज में हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 118 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। साथ ही तीसरे मैच में संजू सैमसन ने टी-20 इंटरनेशनल में पहली सेंचुरी जमाई थी।

## मांजरेकर बोले- पुणे टेस्ट में हार के लिए बैटर जिम्मेदार

*पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने पुणे में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड से मिली हार के लिए भारतीय बल्लेबाजों को जिम्मेदार माना है। साथ ही उन्होंने सरफराज खान से पहले वॉशिंगटन सुंदर को बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा की आलोचना की है। पुणे टेस्ट में भारत को हराने के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। भारत को 12 साल बाद घरेलू सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। संजय ने क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो से पुणे टेस्ट में भारतीय हार के वजहों पर बातचीत की। मांजरेकर ने कहा कि विराट कोहली एक बार फिर मिशेल सेंटरनर की गेंद की लंबाई का सही आंकलन नहीं कर पाए और गलत शॉट खेल कर आउट हो गए। वहीं कप्तान रोहित शर्मा स्पिन के खिलाफ कम आत्मविश्वास में दिखे।*

## खेल संक्षिप्त

## पूरन, मयंक और बिश्नोई को रिटेन कर सकती है एलएसजी

### दो अनकैप्ड प्लेयर्स भी शामिल, राजस्थान से संजू, बटलर, यशस्वी के नाम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल-2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) कैरेबियन विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन, भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव और स्पिनर रवि बिश्नोई को रिटेन कर सकती है। रिटेंशन लिस्ट जमा करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर है। रिपोर्ट के मुताबिक एलएसजी सिर्फ तीन कैप्ड खिलाड़ियों को ही अपने साथ रखेगी, जबकि दो अनकैप्ड खिलाड़ी भी रिटेन किए जा सकते हैं। अनकैप्ड प्लेयर्स में आयुष बदोनी और मोहसिन खान का नाम सामने आ रहा है। एलएसजी के पास एक राइट टू मैच कॉर्ड भी है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स आई थीं कि लखनऊ फ्रेंचाइजी कप्तान केएल राहुल को रिटेन नहीं करेगी।



**पूरन को 18 करोड़ मिल सकते है :** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने लखनऊ को अकेले दम पर कई मैच जीताए हैं। वे टीम के पहले रिटेंशन हो सकते हैं। उन्हें 18 करोड़ रुपए का स्लॉट मिल सकता है। दूसरे और तीसरे स्थान पेस संसेशन मयंक यादव और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को रखा जा सकता है। इन दोनों खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी 14 और 11 करोड़ रुपए देगी। इन तीन खिलाडियों को रिटेन करने पर लखनऊ की टीम को कुल 51 करोड़ रूपए खर्च करने पड़ेंगे।

## खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने लॉन्च किए तीन पोर्टल

### अब युवाओं व खिलाडियों को मिलेगी एकल विन्डो की सुविधा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान के युवाओं और खिलाड़ियों को अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इनकी सुविधा के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा तीन पोर्टल लॉच किए गए है। अब उन्हे एकल विन्डो की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। खेल मंत्री डॉ. कर्नल राज्यवर्धन सिह राठौड ने जिन तीन पोर्टलो को लॉच किया है, उसमें ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 'युवा महोत्सव' में युवाओं का रजिस्ट्रेशन पोर्टल, 'राजस्थान यूथ आईकॉन अवॉर्ड' का रजिस्ट्रेशन पोर्टल और खिलाडियों के स्पोर्ट्स प्रमाण-पत्र के लिए 'डिजिटल रिपॉजिटरी' पोर्टल शामिल है।



खेल मंत्री, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा सोमवार को लॉच किए गये पोर्टल का उदेश्य राज्य की विभिन्न सूचनाओं को एकीकृत स्रोत के रूप में इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं व खेलों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही जगह उपलब्ध हो सके। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने पोर्टल लॉचिंग के बाद कहा कि अब रिपॉजिटरी पोर्टल खिलाड़ियों को उनके सभी खेल प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की सुविधा देगा, जिससे उन्हें भौतिक प्रमाण पत्रों की सुरक्षा की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

खेल मंत्री ने बताया कि विभिन्न बजट घोषणाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए युवा मामले एंव खेल विभाग की वेबसाइट पर पोर्टल तैयार किया गया है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज पर यूथ-डे (12 जनवरी) के अवसर पर 'राज्य युवा महोत्सव' आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 'युवा महोत्सव' में युवाओं के रजिस्ट्रेषन के लिए पोर्टल तैयार किया गया।

## पाक के कोच गैरी कर्स्टन ने इस्तीफा दिया

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की वनडे और टीम टी-20 टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने रिजाइन दे दिया है। 56 साल के कर्स्टन और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच मतभेद हो गए थे। वहीं, पीसीबी ने जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया टूर में टीम का कोच बनाया है। पीसीबी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा-गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। कर्स्टन ने 6 महीने पहले अप्रैल-2024 में पाकिस्तानी टीम के कोच बनाए गए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तानी टेस्ट टीम का कोच बनाया गया था। दोनों ने 2 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। गैरी कर्स्टन ने 2011 में भारत को 28 साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे वर्ल्ड कप जिताया था।

## अफगानिस्तान टीम ने पहला टूर्नामेंट जीता

### इमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका को हराया, किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप में पहला खिताब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अफगानिस्तान-ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को अल अमीरात स्टेडियम में खेले गए फाइनल में श्रीलंका-ए को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान क्रिकेट की यह ऐतिहासिक जीत है। टीम का क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप टूर्नामेंट में यह पहला खिताब है। अफगानिस्तान-ए की टीम ने साल 2017 और 2019 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। इस बार वह पहली बार फाइनल में पहुंचे और खिताब भी जीत लिया। मैच में श्रीलंका के कप्तान नुवानिदु फर्नांडो ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले खेलते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए और अफगानिस्तान की टीम को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट के सभी 5 मैचों में अर्धशतक लगाए।



## का रो बा र

# ओमरॉन हेल्थकेयर ने नेबुलाइजर के उपयोग की दी सलाह

### त्यौहार और संक्रमणकालीन मौसम के दौरान रेस्पिरेटरी मैनेजमेंट के लिए दी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

त्यौहारों के मौसम के साथ ही सर्दियों का आगमन भी शुरू हो चुका है और धुंध, पार्टिकुलेट मैटर में वृद्धि और तापमान में गिरावट की वजह से संक्रमण बढ़ने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। इन कारणों से अक्सर रेस्पिरेटरी सिस्टम में कई समस्याएं आ जाती है। इन समस्यों से बचने के लिए लोगों को अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सही उपाय का उपयोग करना जरुरी हो जाता है।

इन बातों को ध्यान में रखते हुए ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया रेस्पिरेटरी सिस्टम को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। त्यौहारी मौसम में ऐसे उत्सव मनाए जाते हैं जो वायु प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान करते हैं। इससे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी सांस संबंधी तकलीफें बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही, कुछ अध्ययनों जैसे कि सीजनल वेव्स ऑफ़ रेस्पिरेटरी



डिसऑर्डर्स अध्ययन 2022 ने महत्वपूर्ण मौसमी रुझान दिखाए हैं। अध्ययन से पता चलता है कि अस्थमा के मामले गर्मियों में 26.5 प्रतिशत से बढ़कर ठंड में 31.4 प्रतिशत हो जाते हैं, जबकि सीओपीडी के मामले गर्मियों में 8.1 प्रतिशत से बढ़कर सर्दियों में 21.1 प्रतिशत हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त, श्वसन पथ के संक्रमण (आरटीआई) और तपेदिक भी महत्वपूर्ण मौसमी रुझान दिखाते हैं, आरटीआई गर्मियों में 4.3 प्रतिशत से बढ़कर सर्दियों में 13.3 प्रतिशत हो जाते हैं, और तपेदिक के मामले गर्मियों में 4.1 प्रतिशत से बढ़कर ठंड में 12.5 प्रतिशत हो जाते हैं। राजस्थान में, हनुमानगढ़ जैसे छोटे शहर प्रदूषण के हॉटस्पॉट के रूप में उभरे हैं, जो दिल्ली जैसे प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों को को भी पीछे छोड़ रहे हैं। औसत सर्दियों के पीएम 2.5 का स्तर 171.6 तक पहुंचने के साथ, ऐसे शहर श्वसन स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता और कार्रवाई की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक तेत्सुया यामाडा कहते हैं, गंभीर वायु प्रदूषण और अन्य कारकों के कारण, लगभग 70 मिलियन लोग श्वसन रोगों से पीड़ित हैं। खास तौर पर अस्थमा से संबंधित मौतों का रुझान चिंताजनक है, जो केवल भारत में ही बढ़ रहा है। 1990 में अस्थमा से मरने वालों की संख्या करीब 120,000 थी, लेकिन अब यह 200,000 से अधिक हो गई है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए, ओमरॉन नेबुलाइजर्स के इस्तेमाल की सलाह देता है।

## दूसरी तिमाही में अडाणी पावर का मुनाफा 50 प्रतिशत कम हुआ

***मुंबई ( एजेंसी )।*** *थर्मल पावर प्रोड्यूस करने वाली अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 3,298 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 50 प्रतिशत की कमी आई है।*

*एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 6,594 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। ऑपरेशनल रेवेन्यू की बात करें तो जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 13,339 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर इसमें 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 12,991 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से हुई आय को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कॉन्सोलिडेटेड।*

*स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।*

## धनतेरस से पहले ही सोने-चांदी में तेजी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** धनतेरस से एक दिन पहले यानी 28 अक्टूबर को सोने और चांदी के दाम में तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 480 रुपए चढ़कर 78,495 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोना 78,015 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, चांदी की कीमत में भी 752 रुपए की बढ़त रही और यह 96,552 रुपए प्रति किलो की कीमत पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी 95,800 रुपए पर थी। वहीं, इसी महीने 23 अक्टूबर को सोने ने 78,703 रुपए और चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**साल के आखिर तक 79 हजार तक जा सकता है सोना :** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने शोरूम का किया शुभारंभ

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

भारत के सबसे विश्वसनीय आभूषण ब्रांड मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने जयपुर के वैशाली नगर में अपने नवीनतम शोरूम का उद्घाटन किया। यह शोरूम मलाबार के उत्तर भारत विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है और उच्च गुणवत्ता वाले, जिम्मेदारी से प्राप्त आभूषणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। यह उत्तर भारत में ब्रांड का 37वां शोरूम है, जिसका उद्घाटन जयपुर शहर से माननीय लोकसभा सदस्य श्रीमती मंजू शर्मा ने किया। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का 13 देशों-भारत, मध्य पूर्व, यूएसए, यूके, कनाडा, और ऑस्ट्रेलिया-में 360 से अधिक शोरूमों का नेटवर्क है और यह 1.5 करोड़ से अधिक वैश्विक ग्राहकों को 25 से अधिक विशेष कलेक्शनों के माध्यम से सेवा प्रदान करता है। कंपनी की सफलता में लगभग 22,000 कर्मचारियों की बहुभाषी टीम का योगदान शामिल है।

हनुमान नगर, अमरपाली मार्ग पर स्थित इस नए शोरूम को शानदार इंटीरियर, उत्कृष्ट ग्राहक



सेवा और आभूषणों की विविधता से भरपूर संग्रह के साथ ज्वेलरी प्रेमियों के लिए डिजाइन किया गया है।इस शोरूम में 3000 से अधिक डिजाइनों का चयन उपलब्ध है, जिसमें सोना, हीरे, पोल्की, कीमती रत्न और अन्य खास कलेक्शन शामिल हैं। हर एक पहलू को ग्राहक की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि उन्हें एक उत्कृष्ट शॉपिंग अनुभव प्राप्त हो सके।

वैशाली नगर शोरूम के उद्घाटन के साथ, ब्रांड का उद्देश्य इस क्षेत्र में अपनी पहचान को मजबूत करना और स्थानीय ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना है।

## अमेजन और एचपीसीएल ने किया गठजोड़

### इस पहल के तहत भारत के सभी राज्यों में रिफ्यूलिंग हब और मोबाइल रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

अमेजन इंडिया और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने आज भारत में लंबी दूरी के परिवहन के लिए कम कार्बन वाले ईंधन (एलसीएफ) के विकास और इसे अपनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए गठजोड़ करने की घोषणा की। यह गठजोड़, परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह अमेजन की 2040 तक अपने परिचालन में नेट-ज़ीरो कार्बन स्तर प्राप्त करने के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो 2070 तक नेट-जीरो कार्बन के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देगा। अमेजन और एचपीसीएल ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर गठजोड़ की घोषणा की, जो रिन्यूएबल डीज़ल (आरडी) और कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) जैसे एलसीएफ की आपूर्ति और मांग बढ़ाने पर केंद्रित है। इससे जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) के मुकाबले कार्बन इन्टेसिटी (तीव्रता) में पर्याप्त कमी होगी। इस गठजोड़ के तहत, अमेजन और एचपीसीएल अमेजन के लंबी दूरी के परिवहन वाहनों में ईंधन का परीक्षण करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम का परिचालन करेंगे और एलसीएफ तक आसान पहुंच के लिए ईंधन भरने वाले केंद्रों (रिफ्यूलिंग हब) और ईंधन भरने वाले मोबाइल स्टेशनों (मोबाइल रिफ्यूलिंग स्टेशन) की संभावनाएं तलाशेंगी। दोनों कंपनियां, भारत में एलएफसी को बढ़ावा देने वाली नीतियों का समर्थन करने के लिए विभिन्न सरकारी निकायों और उद्योग थिंक टैंक के साथ भी जुड़ेंगी। अमेजन इंडिया के वीपी-ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा, जैव ईंधन भारत के ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण हैं और नौकरियों तथा आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए तैयार हैं। एचपीसीएल के साथ अमेजन का सहयोग इस परिवर्तनकारी बदलाव को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है, और हमें इस यात्रा का हिस्सा बनने की खुशी है। 2040 तक नेट-जीरो कार्बन का स्तर प्राप्त करने के लिए क्लाइमेट प्लेज के वैश्विक लक्ष्य के अनुरूप, अपने परिवहन नेटवर्क में वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देना भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दृढ़ करेगा और उत्सर्जन कम करने के हमारे मिशन में मदद करेगा।

## सेंसेक्स 602 अंक की तेजी के साथ 80,005 पर बंद

**मुंबई ( एजेंसी )।** हफ्ते के पहले कारोबार दिन सोमवार को सेंसेक्स 602 अंक की तेजी के साथ 80,005 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 186 अंक की बढ़त रही, ये 24,367 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 अंक की तेजी और 5 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 में तेजी और 14 में गिरावट रही। एनएसई के सभी सेक्टर तेजी के साथ बंद हुए। सरकारी बैंकों के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। न्यू जनरेशन ट्रेन कंट्रोल और सिग्नलिंग सिस्टम डेवलप करने में लगी एक रिसर्च ओरिएंटेड कंपनी क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने आशीष कचोलिया, कैप्री ग्लोबल और अन्य इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स से 48 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह ट्रांजैक्शन कंपनी के प्रमोटर्स की ओर से बेचे गए इक्विटी शेयर्स के जरिए हुआ है। कंपनी ने 275 करोड़ रुपए के आईपीओ साइज को बरकरार रखा है।

